संक्षिप्त

बकाया बिल के 30 कनेक्शन काटे

गोविन्दगढ़, अलवर । गोविन्दगढ़ कस्बा क्षेत्र में विद्युत विभाग ने कार्यवाही करते हुए बकायादरों के 30 कनेक्शन काट दिए । जिनके खिलाफ लगभग 10 लाख रुपए का बकाया चल रहा था। गोविंदगढ़ कस्बे में आज 4 बजे के करीब सीकरी बाईपास ,कदम कॉलोनी ,गुलाब कुंज कॉलोनी ,खेड़ा महम्मुद रोड पर कार्रवाई करते हुए कनेक्शन काटे गए। और बकायादारों से 4 लाख रुपए की रिकवरी की गई। कनिष्ठ अभियंता अजय गठाला ने बताया कि गोविन्दगढ़ कस्बे में करीब 55 लाख रुपए की राशि के बिल उपभोक्ताओं पर बकाया चल रहे हैं। निगम के द्वारा अब सख्त रवैया अपनाते हुए आज 22 नवंबर से अभियान चलाकर बिजली कनेक्शन काटने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभाग के द्वारा बिजली बिलों की मोटी राशि बकाया होने के चलते अब टीम बनाई गई हैं। ओर आज गोविंदगढ़ क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए करीब 10 लाख रुपए के बकाए के बिलों के 30 कनेक्शन काटे गए हैं और 4 लाख रुपए के बिलों की राशि मौके पर ही रिकवरी की गई है। गोविंदगढ़ कस्बे में लगभग 55 लाख रुपए का बकाया चल रहा है। इस कार्रवाई के दौरान अजय गठाला, लाइनमैन सुभाष, लोकेन्द्र एवं टीम मौजूद रहे।

सत्संग समागम कार्यक्रम कल

निवाई। संत रामपाल महाराज के सानिध्य में रविवार को गंगा जमना गार्डन में एक दिवसीय सत्संग समागम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कई लोग भाग लेंगे। श्रद्धालु ऋषिपाल ने बताया कि समागम में सृष्टि की उत्पत्ति के ज्ञान को लेकर चर्चा की जागी। इस दौरान देवी भागवत महापुराण, पवित्र वेद, पवित्र बाइबल, पवित्र कुरआन शरीफ, श्री शिव पुराण, श्रीमद् भगवत गीता, श्री भागवत पुराण, श्री मार्कंडेय पुराण व श्री विष्णु पुराण सहित सभी सद्ग्रंथों से सृष्टि की उत्पत्ति का गुढ रहस्य बताए जाएंगे।

गांव रजवास में हुआ भजन संकीर्तन

निवाई। उपखंड क्षेत्र के गांव रजवास में जाटों के मोहल्ले में भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। मुकेश चौधरी ने बताया कि भजन कीर्तन की शुरुआत भजन गायक कलाकार राधेश्याम डांगी ने गणेश वंदना के साथ किया। भजन गायक भगवानसहाय चौधरी ने भाई म्हारा लेल रामजी रो नाम से तिर जासी सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां देकर लोगों को खूब नचाया। गायक सत्यनारायण चौधरी करीरिया ने समय को भरोसो कौन कद पलटी मार जावे सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। डांसर प्रहलाद नाथ ने कलाओं के साथ नृत्य कर लोगों का देर रात तक समा बांधे रखा। इस अवसर पर जगदीश मिलानिया, कालू भेड़वाल, किशन चौधरी, विनोद चौधरी, राजाराम जाट, रमेश जाट, सूरज जाट, बद्री जाट, देवालाल जाट, बंसी जाट, रतिराम जाट, रामप्रसाद जाट, शंकर जाट, बजरंग जाट, रामलाल जाट व मदन जाट सहित कई लोग मौजूद थे।

डग्गी कल्याण में सजी छप्पन भोग की झांकी

मालपुरा । जन-जन की आस्था के केन्द्र एवं प्रदेश प्रमुख तीर्थ स्थलो मे शामिल डिग्गी कल्याण जी महाराज के दरबार मे शुक्रवार कृष्ण सप्तमी तिथि पर सजाई गई छप्पन भोग की झांकी। पुजारी कृष्णगोपाल शर्मा ने बताया कि कृष्ण सप्तमी के पावन संयोग पर देशी घी से बनाये गये छप्पन प्रकार के व्यंजनो का कल्याण जी महाराज को महाभोग लगाया गया। अलसवेरे मंगल आरती से ही भक्तो के आने का क्रम शुरू हुआ। जो कि देर शाम तक जारी रहा। जय श्री कल्याण के जयकारे लगाते कल्याण भक्त मंदिर पहुंचे जहां श्रीजी की सजी मनमोहक झांकी व पिताम्बरी श्रृंगार की एक झलक पाकर दरबार मे हाजरी लगाई।

कार्यशाला का आयोजन

दूदू । राजकीय कन्या महाविद्यालय दूदू के सभागार मे महिला नीति की वार्षिक गतिविधियों के अंतर्गत बैंकिंग व्यवस्था ऋण एवं स्वयं सहायता समूह के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस अवसर पर शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ़ बड़ोदा आशीष गुप्ता ने छात्राओं को नई शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से बताया तथा स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में बैंक की अहम भूमिका बताई गई इस दौरान प्राचार्य डॉक्टर संदीपन आर्य प्रोफेसर रजनी शर्मा सरोज मनोहर नवारिया लक्ष्मण जाट सुभाष पारीक सहित छात्राएं मौजूद रहे।

डिस्कॉस चेयरमैन आरती डोगरा ने पावटा विद्युत विभाग कार्यालय का किया निरीक्षण

पावटा/कोटपूतली। डिस्कॉस चेयरमैन एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने शुक्रवार को पावटा विद्युत विभाग कार्यालय का निरीक्षण कर अभियंताओं को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि आमजन से जुडे कार्यों में किसी प्रकार की कोताही न हो।

डोगरा ने डिस्कॉम के वरिष्ठ अभियंताओं के साथ पावटा विद्युत विभाग कार्यालय का निरीक्षण करते हुए फीडबैक लिया। वही पावटा विद्युत विभाग कार्यालय में मीटर कनेक्शन, बिजली बिल में सुधार, लोड बढाने, रिकवरी, मेटेरियल की उपलब्धता, अधिक छीजत एवं अधिक ट्रिपिंग वाले फीडर, डिफेक्टिव मीटर पीएम सूर्यघर निःशुल्क बिजली योजना, आरडीएसएस के कार्यों की प्रगति, सपर्क पोर्टल आदि के बारे मे जानकारी ली। वही उन्होंने पावटा विद्युत विभाग कार्यालय परिसर का निरीक्षण निरीक्षण करते हुए फैली गंदगी को लेकर अधिकारियों को साफ सफाई रखने के निर्देश दिये। वही उन्होंने डिस्कॉस चेयरमैन ने वृत्तवार बिजली छीजत एवं रिकवरी, पीएम सूर्यघर बिजली योजना, बिजली कनेक्शनों की स्थिति की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसई मनोज गुप्ता, एक्सईएन राधेश्याम बंसल, एईएन संजीव जाखड, जेईएन वीरेंद्र यादव, एआरओ आशीष अग्रवाल सहित पंकज, देवीलाल, रामचंद्र, कर्मचंद, छाजूराम यादव, देशराज रावत, टोडाराम यादव, गोविंद शर्मा, मुकेश चौहान, राजेश व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

डिस्कॉस चेयरमैन आरती डोगरा ने विद्युत विभाग कार्यालय का निरीक्षण किया।

- उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता से करे- आरती डोगरा

गोधरा काण्ड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का निःशुल्क प्रदर्शन आज

कोटपूतली। वर्ष 2002 में गुजरात के गोधरा में ट्रेन अग्निकाण्ड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट शनिवार को विधायक हंसराज पटेल की ओर से स्थानीय हीरा मोती सिनेमा में दोपहर 12 से 03 बजे तक निःशुल्क दिखाई जायेगी। जिसमें बड़े पैमाने पर भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि भाग लेगें। इस मौके पर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह भी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेगें। उल्लेखनीय है कि राजस्थान समेत गुजरात, हरियाणा, मध्यप्रदेश व छतीसगढ़ आदि पांच राज्यों में फिल्म को टैक्स फ्री किया गया है। फिल्म को देखने की अपील पीएम नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई केन्द्रिय मंत्रियों व भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री कर रहे है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी विगत दिनों अपने मंत्रीमंडल व विधायकों के साथ यह फिल्म देखी है। फिल्म में विक्रांत मैसी मुख्य भुमिका में है। जबकि अभिनेत्री रिद्धि डोगरा व राशि खन्ना ने भी फिल्म में महत्वपूर्ण भुमिका निभाई है। जबकि इसका निर्देशन धीरज शरण ने किया है।

- विधायक पटेल की आर से पटेल हीरा मोती सिनेमा में दोपहर 12 से 03 बजे तक होगा फ्री शो का आयोजन

क्या है द साबरमती रिपोर्ट की कहानी:- वर्ष 2002 में 27 फरवरी की सुबह गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रैस की एस 6 बोगी को आग के हवाले कर दिया गया था। जिसमें अयोध्या से लौट रहे 59 हिन्दू तीर्थ यात्री व कार सेवक मारे गये थे। इस घटना में मारे गये 59 हिन्दू कार सेवकों में 27 महिलायें व 10 बच्चे भी शामिल थे। जिसके बाद पुरे गुजरात में आजाद भारत का सबसे भयावह दंगा भडक गया था।

देवली-उनियारा उपचुनाव की मतगणना आज

टोंक। देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को हुए मतदान की मतगणना शनिवार को सुबह 8 बजे से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टोंक में शुरू होगी। सामान्य पर्यवेक्षक आशीष ठाकरे एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने शुक्रवार को मतगणना स्थल पर अंतिम तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, बैरिकेटिंग एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही, मतगणना से जुड़े अधिकारियों एवं कार्मिकों को भारत निर्वाचन आयोग की गाईड लाईन एवं सर्तकता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने मतगणना कक्ष में काउंटिंग टेबल व्यवस्था, काउंटिंग टीम व काउंटिंग एजेंट्स की एंट्री, पोस्टल बैलेट की काउंटिंग, जनरेटर एवं विद्युत व्यवस्था, पेयजल, माईक, संचार, चिकित्सा, कम्प्यूटराइजेशन के लिए कम्प्यूटर व्यवस्था तथा मीडिया कक्ष समेत अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए कमरों व टेबिलों का निर्धारण किया गया है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के ड्राइंग लैब में टेबल नंबर 1 से 4 पर डाक मतपत्र की एवं टेबल नंबर 1 से 8 पर ईवीएम की मतगणना होगी। साथ ही, कमरा एन-7 में टेबल नंबर 9 से 16 पर भी ईवीएम से मतों की गणना की जाएगी। कमरा एन-6 में टेबल नंबर 1 से 5 पर ईटीबीपीएस प्रि काउंटिंग होगी। सामान्य पर्यवेक्षक की उपस्थिति में मतगणना दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने मतगणना स्थल पर अंतिम तैयारियों का जायजा लिया।

'अवध बजरी खनन पर क्षेत्र में एस.डी.एम कार्रवाई करें'

अवैध बजरी खनन की रोकथाम एवं मॉनिटरिंग के लिए गठित जिला स्तरीय स्टॉक फोर्स समिति की बैठक जिला कलेक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की।

बौंली-बामनवास । सवाई माधोपुर जिले में अवैध बजरी खनन व निर्गमन/ भंडारण की प्रभावी रोकथाम एवं मॉनिटरिंग के लिए गठित जिला स्तरीय स्टॉक फोर्स समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में जिला कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने बजरी के अवैध खनन निर्गमन / भंडारण से संबंध में राजस्व, पुलिस, माइंस, जिला परिवहन एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आपसी समन्वय के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि इस संबंध में अपने-अपने क्षेत्र के उपखंड अधिकारी अपनी विवेक व सूझबूझ का परिचय देते हुए भी व्यूरचना तैयार कर पुलिस व माइनस के अधिकारियों को साथ लेकर कार्यवाही करें।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने बताया कि बजरी के अवैध खनन निर्गमन व भंडारण की कार्रवाई में पुलिस सहयोग मांगे जाने पर उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में सवाई माधोपुर उपखंड अधिकारी अनूप सिंह, बौंली उपखंड अधिकारी चंद्र प्रकाश वर्मा, चौथ का बरवाड़ा उपखंड अधिकारी दामोदर सिंह, खंडार तहसीलदार पुष्कर सिंह, मलारना डूंगर तहसीलदार संतोष कुमार, चौथ का बरवाड़ा तहसीलदार नीरज सिंह, जिला परिवहन अधिकारी पीआर मीणा एवं एसीएफ अरुण सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

ग्रामीणों का आरोप : फैक्ट्री के प्रदूषण से हो रहे परेशान

अलवर। अलवर एनसीआर में ग्रेप-4 की पाबंदियां लागू हो चुकी है सभी निर्माण कार्य बंद हो चुके है,प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को नोटिस देकर बंद कर दिया गया है लेकिन अलवर शहर के निकट जयंती फैक्ट्री पर जिला प्रशासन और प्रदूषण विभाग जमकर मेहरबानी लूटा रहा है यहां इस फैक्ट्री से निकलने वाला काला धुआं और केमिकल युक्त पानी जिला प्रषासन को नजर नही आ रहा है।

क्या है ग्रेप-4 की पाबंदिया : अलवर सहित एनसीआर क्षेत्र में पॉल्यूशन इतना ज्यादा बढ़ गया है कि यहां सांस लेना भी दूभर हो चुका है जहरीली हवा का दबाव कम करने के लिए एनसीआर में ग्रेप -4 की पाबंदियां लागू कर दी गई है यहां सभी निर्माण कार्य जैसे भवन निर्माण,सडक़ निर्माण,बोरिंग,बडे वाहनों के प्रवेश पर रोक जरूरी सामान को छोडक़र,प्रदूषण फैलाने वाले सभी उद्योग आदि को नोटिस देकर बंद करवा दिए गए है वही जिला प्रशासन ने अनेकों निर्माण कार्यो को भी बंद करवा दिया है और वायु प्रदूषण को कम करने के लिए निगम द्वारा पानी का छिडकाव किया जा रहा है। लेकिन कुछ उद्योगों पर जिला प्रशासन और प्रदूषण विभाग की अच्छी खासी मेहरबानी चल रही है जिसमें अलवर राजगढ़ मेगा हाईवे पर स्थित दादर के पास बनी जयंती उद्योग की फैक्ट्री जिसमें से जमकर काला धुआं निकल रहा है जिस पर जिला प्रशासन और प्रदूषण विभाग की नजर आज तक नही पड़ी है साथ ही यह फैक्ट्री केमिकल युक्त पानी को भी छोड रही है जिससे यहां की काफी कृषि भूमि बंजर हो चुकी है। गांव के घरों में फैक्ट्री से निकलने वाले काले धुएं की परत छा चुकी है लेकिन सरकार के आला विभाग आज तक इस फैक्ट्री पर मेहरबान है इसके पीछे क्या राज है यह तो विभाग के आला अधिकारी ही जाने।

- शिकायतों के बाद भी नही सुनता प्रशासन

क्या कहते है ग्रामीणों : ग्रामीणों का कहना है कि इस फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषण से हमें काफी समस्याओं का सामना करना पड रहा है हमारे घरों पर कालिख की परत सी छा चुकी है गांव का पानी एवं भूमि प्रदूषित हो चुका है लोगों को सांस लेने में काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने अनेको बार मंत्री से लेकर जिला प्रशासन को को इस समस्या के बारे में अवगत कराया है लेकिन आज तक उनकी समस्या का समाधान नही हो पाया है।

सडक सुरक्षा एवं जीवन रक्षा कार्यक्रम के संबंध में बैठक आयोजित

अलवर । अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर ने 25 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले सडक सुरक्षा एवं जीवन रक्षा कार्यक्रम के संबंध लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

एडीएम शहर ने सडक सुरक्षा के संबंध में संबंधित विभागों द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा कर कहा कि समन्वित प्रयास यह रहे कि जिले की सडकें दुर्घटना मुक्त होवे तथा दुर्घटना की स्थिति में जीवन बचाना प्राथमिकता रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सडक़ सुरक्षा के संबंध में विविध कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत सडक सुरक्षा एवं जीवन रक्षा के बारे में आमजन को जागरूक करते हुए विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देवे, हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने की समझाईश करें, नशा मुक्त जीवन सुरक्षात्मक वाहन चलाने हेतु प्रेरित करें, सडक मार्गों पर खराब लाइटों एवं साइन बोर्ड के नवीनीकरण के कार्य करें, आमजन को लाइसेंस प्रणाली एवं प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी देवे, सडक सुरक्षा से संबंधित नुक्कड नाटक का आयोजन करावे, विद्यालयों में सडक सुरक्षा संबंधी नियमों एवं गुड सेमेटेरियन की गाइडलाइन की जानकारी हेतु जागरूकता गतिविधियां करावे, शहर में वायु प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई करें सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित करावे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता को अनाधिकृत रोड कट्स को बन्द करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पीड ब्रेकर एवं रोड कट्स की फिजिबिलिटी की जांच हेतु कमेटी गठन करने के निर्देश दिये। उन्होंने तय मानकों के अनुरूप स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि क्षितग्रस्त सडकों की मरम्मत आदि कार्य प्राथमिकता में रखते हुए पूर्ण कराए जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले की सडकों के ब्लैक स्पॉट के सुधार हेतु कार्य योजना बनाकर अमल में लावे। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले में सडकों पर आवश्यकतानुसार साइनेज बोर्ड लगाए एवं उनमें सुधार आदि के कार्य करे। उन्होंने आरटीओ को संवेदनशील व प्रमुख मार्गों पर स्पीड लिमिट से संबंधित आवश्यक कार्यवाही कर साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने टोल एजेन्सी के प्रतिनिधियों को टोल टैक्स के आसपास की सडक की मरम्मत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि एनएचएआई से समन्वय कर एक्सप्रेस वे पर दुर्घटना के समय तुरन्त मदद पहुंचाने हेतु टैऊफिक एड पोस्ट स्थान लेने हेतु चर्चा करे।

अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर नेसडक सुरक्षा एवं जीवन रक्षा कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

विशेष योग्यजनों को कृत्रिम अंगध्उपकरणों का वितरण 15 दिसम्बर को

कोटपूतली। राज्य सरकार के वित्तिय वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा संख्या 92 (1) उप मुख्यमंत्री द्वारा विशेष योग्यजनों को सम्बल प्रदान करने की दृष्टि से द्विव्यागजनों को 20 हजार रूपये तक के । तजपपिबपंस स्पउइेध्नपचउमदजे उपलब्ध करवाया जाना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आगामी 15 दिसम्बर को प्रदेश भर में जिला मुख्यालयों पर 10 हजार विशेष योग्यजनों को कृत्रिम अंग/उपकरण वितरित किये जाने है। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देशानुसार 15 दिसम्बर को कोटपूतली-बहरोड़ जिला मुख्यालय पर भी विशेष योग्यजनों को कृत्रिम अंगध्उपकरणों का वितरण किया जायेगा। इसको लेकर जिले के सभी ब्लॉक की पंचायत समितियों में विशेष योग्यजन अंग/उपकरण वितरित करने हेतु चिन्हीकरण शिविर का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में विगत 20 नवम्बर को कोटपूतली पंचायत समिति में विशेष योग्यजन अंग/उपकरण वितरित करने हेतु चिन्हीकरण शिविर का आयोजन किया गया था।

सार-समाचार

चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान टोंक के निर्देशो पर राजेश कुमार विद्यार्थी, वृत्ताधिकारी टोंक व उदयवीर सिंह थानाधिकारी पुरानी टोंक द्वारा गठित टीम ने साक्ष्यों एवं सीसीटीवी केंमरो व मुखबीरों की सूचना पर दो चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुरानी टोंक थानाधिकारी उदयवीर सिंह ने बताया कि थाने में दर्ज चोरी प्रकरण में वांछित दो आरोपी अरूण उर्फ दीपक उर्फ टोंटा पुत्र स्व. लालचन्द उम्र 20 साल जाति वाल्मिकी निवासी कालीपलटन एवं .सुनिल उर्फ इच्ची पुत्र अशोक चेडवाल उम्र 23 निवासी मेहन्दीबाग हरीजन बस्ती हाल कालीपलटन टोंक को गिरफ्तार कर आरोपियों द्वारा उपयुक्त की गई एक मोटरसाईकिल को भी जप्त किया गया। आरोपियों को न्यायालय में पेश न्यायिक अभिरक्षा में भेजा।

29 को जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट

अलवर । जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के तहत जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट 29 नवम्बर को तान्या रिसोर्ट राजगढ में किया जाएगा। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन्वेस्टर मीट के सफल आयोजन हेतु आपसी समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक एवं रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय अधिकारी को निर्देशित किया है कि एडीएम द्वितीय से समन्वय कर कार्यक्रम स्थल पर स्टॉल व्यवस्था, हेल्प डेस्क एवं रजिस्ट्रेशन डेस्क, निवेशकों के बैठने की व्यवस्था करावे, निवेशकों की सूची तैयार कर दूरभाष द्वारा पुष्टि करे एवं एमओयू से संबंधित सभी कार्यवाही पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस अधीक्षक अलवर को निर्देशित किया है कि इन्वेस्टर मीट के दौरान मुख्य अतिथियों के आगमन से प्रस्थान तक सभी आवश्यक कानून व्यवस्था, यातायात एवं पार्किंग संबंधित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने यूआईटी सचिव को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने एडीएम शहर को कानून व्यवस्था संबंधी समस्त कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने एडीएम द्वितीय को निर्देशित किया है कि सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं एवं डायस व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम स्थल के आसपास साफ-सफाई, अग्निशमन की मौजूदगी, निराश्रित पशुओं पर नियंत्राण आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित किया है कि मुख्य अतिथियों के आगमन से प्रस्थान तक समस्त आपातकालीन व्यवस्था सहित कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल टीम, आवश्यक दवा एवं उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

सड़क मार्ग पर पानी के छिड़काव की मांग

सावरदा । राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 से सावरदा नरायना को जोड़ने वाले मुख्य सड़क मार्ग से पुरी तरह से डामर उखड़ जाने व ,लगातार संचालित भारी व अन्य छोटे वाहनो कि आवाजाही से मार्ग पर पुरे दिन भारी मात्रा में मिट्टी उड़ती रहने से सड़क मार्ग किनारे स्थित खेती की जमीन मे किसानो के द्वारा बिजाई कर बोई गई । फसले जिनमे चना , मटर सरसो व जौ गेहूं की अंकुरित फसलो के पत्तो पर सड़क से उडने वाली मिट्टी जमा होकर फसलो कि बढ़त मे बाधा पहुचा रही है । फसलो कि बढ़त मे कमजोरी को देखकर किसान वर्ग बुरी तरह से चितिंत है , सड़क मार्ग के पुरी तरह से उखड़ जाने के बावजुद सार्वजनिक निर्माण विभाग इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है । किसान नंदलाल गुर्जर , सीताराम , श्यामलाल , आदि सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिषाशी अभियंता को पत्र लिखकर फसलो कि बढ़त तक सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं होने तक नियमित सड़क मार्ग पर पानी के छिड़काव की मांग कि है ।

मोबाईल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

मानपुरा माचेड़ी । चंदवाजी थाना पुलिस ने चंदवाजी स्थित एक मोबाइल की दुकान से 30 लाख रुपए के मोबाइल चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।इससे पूर्व मामले में पुलिस मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया है कि परिवादी लालाराम डांगी निवासी डांगियों की ढाणी थाना मनोहरपुर जिला जयपुर ग्रामीण ने रिपोर्ट पेश की कि मेरा मोबाईलों का शोरूम श्री श्याम मोबाईल के नाम से है जिसमें सभी कम्पनी के मोबाईल बेचते है। दिनांक 24 जुलाई 2020 को दुकान में रखे 79 स्मार्ट फोन, एसेसिरीज तथा अन्य सामान अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। अज्ञात चोरों ने रात्रि में छत के रास्ते से दरवाजा तोडकर सीढ़ियों के नीचे आकर दीवार तोडकर वारदात को अंजाम दिया।रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया । प्रकरण में पूर्व में मुख्य आरोपी इमरान कुरैशी, समीर मुसलमान तथा स्मार्ट फोन खरीदने वाले मेरठ निवासी मोहम्मद तैयब को गिरफ्तार कर 35 मोबाईल फोन बरामद किये थे तथा मुख्य आरोपी इमरान के भाई बाबू शोयेब उर्फ बाबू खान पुत्र निसार अहमद उम्र 24 साल जाति कुरेशी मुसलमान निवासी मेहनत नगर, सोडाला जयपुर हाल निवासी गोल्डन सीटी नाई की थडी रामगढ़ मोड जयपुर खान घटना के बाद से ही फरार चल रहा था जिसको शुक्रवार को प्रोडेक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया है।मामले में पुलिस पूछताछ कर रही हैं।

डी के सोनी का किया स्वागत

मनोहरपुरा, ऑल राजस्थान इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी अब्दुल अज़ीज़ लोहानी ने कहा कि सम्मानित करने से हौसला बुलंद होता है जिनको सम्मानित किया जाता है उसमें दुगना जोश भर जाता है और वह पूरे जोश के साथ में पुन: समाज की सेवा में लग जाता है ऐसे कार्य करने वालो को सम्मानित करते रहना चाहिए! यह शब्द लोहानी ने ग्राम चंदवाजी में भामाशाह डी के सोनी को मुस्लिम समाज के द्वारा सम्मानित करने के बाद में कहे !लोहानी ने कहा कि नि:स्वार्थ तन मन धन से सेवा करने वाले लोग वो सुकुन और इज़्ज़त पाते है जिसके लिए लोग सपने देखते है ऐसे लोगो की मदद ख़ुदा भी करता है! सोनी ने कहा कि चाँदावास सामूहिक विवाह सम्मेलन में 70 चांदी की अंगूठी व 22 सो रुपए कन्यादान के देकर आए तो सुकून मिला ऐसे नेक आयोजनो में हिस्सा लेने से मेरा रोम रोम ख़ुशी में झूम जाता है उनकी दुआओ से ख़ुदा खुश रखता है !उल्लेखनीय है कि सोनी कर्तव्यनिष्ठ परिश्रमी ईमानदार दयालु है सदैव गरीबो की मदद करते है हिन्दू मुस्लिम एकता को प्रगाढ़ करते है इनके दरबार मे जो भी आते है उनको खाली हाथ नही भेजते हैं! बढ़चढ़ कर चन्दा देते रहते है गायों को रंजका कबूतरों को ज्वार डलवाते है! रोजा अफ्तार करवाते हैं वृक्षारोपण करवाते हैं! सामूहिक विवाह सम्मेलनों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते है! असगर अली शाह,असलम अली शाह, इस्लामुद्दीन शाह,आरिफ शाह, इशाक शाह आदि उपस्तिथ थे।

भाजपा मण्डल की पर्व कार्यशाला का आयोजन

फुलेरा। कस्बे के गणगौरी बाजार स्थित रामद्वारा भवन परिसर में गुरुवार को फुलेरा भाजपा मण्डल के तत्वावधान में भाजपा संगठन की पर्व कार्यशाला का आयोजन फुलेरा मण्डल अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया। गौरतलब है उक्त कार्यशाला ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री निर्मल कुमावत, संगठन के पूर्व मण्डल सहयोगी शंकर यादव, जिला उपाध्यक्ष शिवजी राम भामू, जिला मंत्री एवं पार्षद सरदार चौधरी के सानिध्य में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में उपस्थित वक्ताओं ने संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं आगामी चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मजबूती से विजयी बनाने का आान किया। इस दौरान मंच का संचालन निशान्त सारस्वत द्वारा किया गया। कार्यशाला के अन्तिम चरण में पूर्व मण्डल अध्यक्ष आलोक जी तिवारी के द्वारा धन्यवाद भाषण दिया गया। इस अवसर पर संगठन के पूर्व मण्डल अध्यक्ष, वरिष्ठ कार्यकर्ता, पार्षदगण एवं संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।